>

Title: Regarding Need to implement Ayushman Bharat Yojana in West Bengal-laid.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): मैं सरकार का ध्यान प्रधानमंत्री जी की अति महत्वाकांक्षी योजना "आयुष्मान भारत "की ओर दिलाना चाहता हूं, जिसके माध्यम से इस देश के करोड़ों गरीब लोगों के जीवन में स्वास्थ्य एवं खुशहाली आई है । माननीय प्रधानमंत्री जी के विशेष प्रयास से इस देश में "आयुष्मान भारत " योजना संचालित हो रही है जिसके तहत गरीबों को 500000 तक की चिकित्सा केंद्र सरकार द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है । किंतु अत्यंत खेदपूर्वक बताना चाहता हूं कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा इस योजना को अपने प्रदेश में लागू नहीं किया गया है जिसके कारण पश्चिम बंगाल के करोड़ों गरीब इसका लाभ नहीं ले पा रहे हैं तथा समुचित इलाज के अभाव में हर समय दम तोड़ रहे हैं ।

मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि पश्चिम बंगाल में भी "आयुष्मान भारत" योजना को संचालित कराने के लिए यथोचित कार्यवाही की जाए ।